आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 16.05.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा – पाकिस्तान को किसी भी तरह की आर्थिक सहायता आतंकवाद के वित्तपोषण से कम नहीं है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक। कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।
- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर अल्मोड़ा और चम्पावत में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गई।
- भगवान रुद्रनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल गोपीनाथ मंदिर से हुई रवाना। 18 मई को खोले जाएंगे रुद्रनाथ मंदिर के कपाट।

रक्षा मंत्री

भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष से कहा है कि वो पाकिस्तान को दी जा रही वित्तीय सहायता के बारे में दोबारा विचार करे। गुजरात के भुज में वायुसेना अड्डे पर सैनिकों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस वित्तीय सहायता का बडा हिस्सा पाकिस्तान, आतंकवादी ढांचे को खडा करने में लगायेगा।
रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना की त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इसने देश–विदेश में सभी भारतीयों को गौरवान्वित किया है।

मंत्रिमंडल बैठक

प्रदेश में लिए जाने वाले ग्रीन सेस में 28 से 30 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। सेस को फास्टैग के माध्यम से काटा जायेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस पर मुहर लगाई गयी। प्रदेश में ग्रीन सेस शुल्क 2017 के बाद नहीं बढ़ाया गया था। सचिव, मुख्यमंत्री, शैलेश बगोली ने पत्रकारों को मंत्रिमंडल के फैसले के बारे में जानकारी दी। प्रदेश कैबिनेट ने स्ट्रीट चिल्ड्रन पॉलिसी को भी मंजूरी दी है। इसके अलावा मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना को भी मंजूरी दी गयी है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में बड़े पोल्ट्री फ़ार्म बनाने के लिए नीति लाई गई है। इसके तहत पहाड़ में पोल्ट्री फ़ार्म खोलने के लिए 40 प्रतिशत की सब्सिडी, जबकि मैदानी क्षेत्रों में 30 प्रतिशत की सब्सिडी मिलेगी। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में लगभग 20 बिन्दुओं पर चर्चा हुई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।
वहीं, कैबिनेट बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' की अभूतपूर्व सफलता पर भारतीय सशस्त्र बलों के अद्वितीय शौर्य और अदम्य साहस को नमन करते हुए वीर सैनिकों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

देहरादून नगर निगम

देहरादून नगर निगम सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। निगम के सभी 100 वार्डों में नियमित कूड़ा उठान सुनिश्चित करने के लिए निगम परिसर में जल्द ही एक हाईटेक कमांड एंड कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। इससे न केवल सफाई व्यवस्था पर निगरानी आसान होगी, बल्कि जनता की शिकायतों का भी त्वरित समाधान हो सकेगा। प्रभारी मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खन्ना ने बताया कि इस इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर में पी.एम.सी कंपनियों को भी शामिल किया जाएगा।

साथ ही यूज़र चार्ज का कलेक्शन अब पी.ओ.एस मशीनों के माध्यम से किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया पारदर्शी और सरल हो सकेगी।
डॉ अविनाश खन्ना ने बताया कि देहरादून के कारगी क्षेत्र में कचरा डंप करने की समस्या का भी निदान किया जा रहा है। ये कचरा अब शीशमबाड़ा प्लांट में निस्तारित किया जाएगा।

तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा का आयोजन किया जा रह है। इसी कड़ी में आज अल्मोड़ा में भी यह यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा सहित पूर्व सैनिकों, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों और स्कूली बच्चों ने भाग लिया। तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा अल्मोड़ा के प्रसिद्ध सिद्ध नौला से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए यात्रा शहीद पार्क, शिखर तिराहा तक निकाली गई। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि भारतीय सेना का अदम्य साहस व पराक्रम के कारण हमें आतंकवाद के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर में सफलता मिली है। तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा में शामिल बी.एस.एफ से सेवानिवृत्त कमांडेंट एम.एस नेगी ने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर हमारा गौरव है।
उधर, आज चंपावत जिला मुख्यालय में स्कूली छात्र–छात्राओं, पूर्व सैनिकों, विभिन्न संगठनों और आम लोगों ने भी तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली।

रुद्रनाथ डोली

पंच केदारों में से एक चतुर्थ केदार भगवान रुद्रनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली आज विधि–विधान और पूजा–अर्चना के बाद चमोली जिले में अपने शीतकालीन गद्दी स्थल गोपीनाथ मंदिर से रवाना हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। रुद्रनाथ के मुख्य पुजारी सुनील तिवारी ने बताया कि उत्सव डोली आज रात्रि प्रवास के लिए पुंगु बुग्याल पहुंचेगी और 18 मई को ब्रह्ममुहुर्त में रुद्रनाथ मंदिर के कपाट ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए जाएंगे।
गौरतलब है कि समुद्र तल से 11 हजार 800 फीट की ऊंचाई पर भगवान रुद्रनाथ का मंदिर है, जो चारों ओर मखमली बुग्यालों से घिरा है। यहां पर शिव के मुख की पूजा की जाती है। शीतकाल में 6 माह तक रुद्रनाथ भगवान की पूजा–अर्चना गोपीनाथ मंदिर में की जाती है।